आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 70 | उज्जैन, शुक्रवार 31 जनवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और उन्नयन के लिए 414 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और उन्नयन के लिए दी गई स्वीकृति के लिए आभार माना है। मध्यप्रदेश के विकास को गति प्रदान करने के लिए 414 करोड़ 84 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस स्वीकृति से सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन के महत्वपूर्ण कार्य होंगे। निश्चित ही शिवपुरी और अशोक नगर के साथ अन्य जिलों को भी इसका लाभ मिलेगा। मध्यप्रदेश के विकास को गति मिलेगी और नागरिकों को सुगम यातायात सुविधा मिल जाएगी।



उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मध्यप्रदेश के शिवपुरी और अशोक नगर जिलों में चंदेरी, बामोर कलां, अचरोनी और चंदेरी लिंक बायपास सहित राष्ट्रीय राजमार्ग-346 के खंड (कुल लंबाई 55.80 किमी) चंदेरी-पिछोर रोड के पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेन के उन्नयन और निर्माण के लिए 414 करोड़ 84 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग-346 (कुल लंबाई 334.55 किलोमीटर) झारखेड़ा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-46 आगरा के साथ अपने जंक्शन से शुरू होता है मुंबई रोजड जो बैरसिया (रा॥-23), विदिशा (रा॥-86 एक्सटेंशन), कुरवाई (रा॥-14), मुंगावली, चंदेरी, पिछोर को जोड़ता है और राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर दिनारा में समाप्त होता है।

प्रस्तावित परियोजना का विस्तार प्रदेश के शिवपुरी और अशोक नगर जिलों से होकर गुजरता है। इस क्षेत्र में ऐतिहासिक चंदेरी किला और स्थानीय वस्त्र शिल्प कला केंद्र अशोक नगर जिले में स्थित हैं। यह खंड चंदेरी, गोधन, बुढ़ानपुर, बिजरावां, नया गांव, पिपरा अछरौनी, शिवपुरी, हीरापुर, नायगांव और सुजवाहा गांवों से होकर गुजरता है और उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश से अंतर्राज्यीय-कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करता है। परियोजना के क्रियान्वयन से इस खंड पर यातायात सघनता कम होगी और सड़क सुरक्षा में भी सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई और एक महत्वपूर्ण स्वीकृति भोपाल-कानपुर इकोनामिक कॉरीडोर को फोरलेन में अपग्रेड करने के लिए भी प्रदान की जा चुकी है।

## भारतीय सेना की कई गुना बढ़ेगी ताकत, पिनाका रॉकेट समेत 10,000 करोड़ के हथियारों की खरीद को मंजूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्वदेशी हथियार प्रणालियों बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने पिनाका मल्टी-बैरल राकेट लांचर सिस्टम समेत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की गोला-बारूद खरीद को मंजूरी दे दी है।

पिनाका रॉकेट समेत अन्य हथियारों को मंजूरी

रक्षा सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को हुई बैठक में एरिया डिनायल म्यूनिशन और पिनाका रॉकेट सहित 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के गोला-बारूद खरीदने की सेना की परियोजना को मंजूरी दे दी। इस परियोजना के तहत सैन्य साजोसामान का निर्माण नागपुर की रॉकेट निर्माता कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज और पूर्व आयुध निर्माणी बोर्ड कंपनी म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआइएल) में किया जाएगा।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 13 जनवरी को अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि पिनाका हथियार प्रणाली के लिए अनुबंध को सरकार द्वारा जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके तहत 5,700 करोड़ रुपये के उच्च विस्फोटक गोला-बारूद और 4,500 करोड़ रुपये के एरिया डिनायल गोला-बारूद की खरीद शामिल हैं।

## श्रीलंका की जेल से रिहा हुए छह भारतीय मछुआरे चेन्नई पहुंचे, एयरपोर्ट पर मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने किया स्वागत



नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंका की जेल से रिहा हुए छह भारतीय मछुआरे गुरुवार को चेन्नई पहुंचे। एयरपोर्ट पर मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बीते दिनों श्रीलंकाई नौसेना ने 13 मछुआरों को पकड़ा था।

इस दौरान उनपर गोलीबारी भी कई गई थी, जिसमें दो मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा विरोध जताया था।

इस मामले को लेकर श्रीलंका उच्चायुक्त को भी दिल्ली में तलब किया गया था। श्रीलंकाई नौसेना के चीफ ने बुधवार को सफाई दे हुए कहा था कि बंदूक गलती से चल गई थी।

जाफना में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल का दौरा किया. मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। भारत सरकार की ओर से कहा गया था कि मछुआरों पर बल का प्रयोग किसी भी परिस्थिति में 'स्वीकार्य नहीं है।

# सीबीआई की बड़ी कामयाबी, 150 करोड़ से ज्यादा का फर्जीवाड़ा करने वाले दो भगोड़े भारत लाए गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंटरपोल रेड नोटिस के तहत थाईलैंड से दो भगोड़ों को भारत निर्वासित किया गया है। यह लोग तमिलनाडु और गुजरात में अलग-अलग मामलों में वांछित थे। सीबीआई ने इस ऑपरेशन का समन्वयन किया था।



इन भगोड़ों में से एक जनार्थन सुंदरम है। जनार्थन सुंदरम पर पोंजी स्कीम के जरिए निवेशकों से 87 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

तमिलनाडु पुलिस ने कोलकाता में किया गिरफ्तार - उन्होंने बताया कि पोंजी योजना के जरिए निवेशकों के 87 करोड़ रुपये से अधिक धन हड़पने के आरोपी जनार्दन सुंदरम को बैंकॉक से भारत भेज दिया गया और तमिलनाडु पुलिस ने कोलकाता हवाई अड्डे पर उसे हिरासत में ले लिया।

वह तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा आपराधिक षड्यंत्र, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जमा/ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के तहत किए गए अपराधों के लिए वांछित था।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, सीबीआई ने तमिलनाडु पुलिस के अनुरोध पर 21 जून, 2023 को इंटरपोल से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया।

एजेंसी ने बताया कि 28 जनवरी 2025 को बैंकॉक की यात्रा करने वाले सुंदरम को रेड नोटिस के आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया गया। वहीं, दूसरे ऑपरेशन में जालसाजी और आपराधिक साजिश के एक अन्य मामले में इंटरपोल की ओर से रेड कॉर्नर नोटिस वॉन्टेड वीरेंद्रभाई मणिभाई पटेल को अहमदाबाद एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने वीरेंद्रभाई के खिलाफ नोटिस जारी करवाया था।

## बंगाल में चार दिनों में जीबीएस से तीन और महाराष्ट्र में एक की मौत, 19 नए मामले मिले



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के कई राज्यों में जीबीएस (गुलियन बैरे सिंड्रोम) के मामले सामने आ रहे हैं। बंगाल में तो पिछले चार दिनों में इस बीमारी के कारण एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई है, हालांकि राज्य स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक आधिकारिक तौर पर मौतों के कारण की पुष्टि नहीं की है। तीनों लोगों की मौत कोलकाता और हुगली जिले के सरकारी अस्पतालों में हुई है।

महाराष्ट्र में भी इस बीमारी से एक महिला की मौत हो गई है, जबकि राज्य में बीमारी के 16 नए मामले मिले हैं। रविवार को भी सोलापुर के एक 40 वर्षीय व्यक्ति की इससे मौत हो गई थी। उधर, जयपुर स्थित सवाई मान सिंह अस्पताल में भी तीन मरीज मिले हैं।

सूत्रों ने बताया कि बंगाल में दो मृतक उत्तर 24 परगना जिले और एक हुगली जिले का रहने वाला था। तीनों के परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि उनकी मौत जीबीएस के कारण हुई। एक व्यक्ति की मौत 26 जनवरी को कोलकाता के बीसी राय अस्पताल में हुई थी, जबकि शहर के एनआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में इलाज करा रहे आमडांगा के किशोर की अगले दिन मौत हो गई। हुगली जिले के व्यक्ति की बुधवार को वहां के एक अस्पताल में मौत हो गई।

जीबी सिंड्रोम से पीड़ित चार और बच्चों का बीसी राय अस्पताल व बाल स्वास्थ्य संस्थान में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बंगाल में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और घबराने की कोई बात नहीं है।

## केरल में पांच साल पहले महिला को मारा, जेल से वापस लौटा तो पति और सास को मार डाला



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के पलक्कड की एक अदालत से बुधवार को तीन लोगों की हत्या के आरोपित 58 वर्षीय चेंथमारा ने 100 साल जेल की सजा देने की मांग की। यह बात उन्होंने तब कही जब पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। जैसे ही अदालत ने कार्यवाही शुरू की, चेंथमारा ने कहा कि मैं अपनी बेटी और उसके पति के सामने अपना चेहरा नहीं दिखा सकता। जब कोर्ट ने उनसे पूछा कि क्या उनके शरीर पर कोई चोट है तो उन्होंने कहा कि नहीं, कोई चोट नहीं है। कोर्ट ने आरोपित को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# पेरिस में होने जा रहा एआइ एक्शन समिट, पीएम मोदी और इमैनुएल मैक्रों करेंगे अध्यक्षता

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन की आईटी कंपनी डीपसीक ने जिस तरह से पूरी दुनिया को चौंकाया है, उससे अगले महीने पेरिस में होने वाली आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस एक्शन समिट की अहमियत बढ़ गई है।

इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा लेंगे और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। माना जा रहा है कि मोदी आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस (एआई) के नियमन को लेकर भारत की चिंताओं को एक बार फिर सामने रखेंगे।




डीपसीक ने बदला गेम

जानकारों का कहना है कि एआई के खतरे और इससे जुड़ी नैतिकता पर अमेरिका व पश्चिमी देशों की तरफ से उठाए जाने वाले सवालों को लेकर चीन की एआई कंपनियां अभी तक खास तवज्जो नहीं देती थीं, लेकिन डीपसीक की लॉन्चिंग ने पूरा परिदृश्य बदल दिया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर पेरिस में सभी सदस्य देशों के बीच एआई के नियमन को लेकर एक सर्वमान्य अंतरराष्ट्रीय समझौता करने की सहमति बनती है, तो चीन उस पर कैसा रुख अख्तियार करता है।

एआई पर होगा तीसरा सम्मेलन- एआई पर एक वैश्विक गवर्नेंस व्यवस्था बनाने को लेकर यह तीसरा सम्मेलन है। मई, 2024 में दूसरा सम्मेलन दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में हुआ था, जिसमें भारत ने भी हिस्सा लिया था। तब बैठक में एआई को लेकर एक गवर्नेंस व्यवस्था बनाने पर अंतराष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें भारत ने भी हस्ताक्षर किए थे। सभी देशों ने एआई को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित और मानवता के लिए सहायक बनाने पर जोर दिया था।

पीएम रखेंगे भारत का रुख- इस साल का सम्मेलन 10-11 फरवरी को होने वाला है, जिसे एआई को विकसित करने, लागू करने व इसे निगमित करने को लेकर अभी तक का सबसे महत्वपूर्ण सम्मेलन बताया जा रहा है। मोदी की तरफ से इस मुद्दे पर भारत का रुख रखा जाएगा।

माना जा रहा है कि पूर्व की तरह इस बार भी पीएम मोदी निकट भविष्य में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कुछ गिनी चुनी कंपनियों के वर्चस्व का मुद्दा उठाएंगे और इस बारे में वैश्विक रोडमैप बनाने पर जोर देंगे।

# जोखिम में ट्रक ड्राइवर की जान, 12 लाख लोगों से कम पानी के इस्तेमाल की अपील



नई दिल्ली (एजेंसी)। जापान की राजधानी टोक्यो के पास साइतामा प्रांत में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां सड़क के बीचोबीच एक बड़ा सिंकहोल बन गया। इस गड्ढे में एक ट्रक समा गया है। ट्रक में चालक भी है, जो अब सिंकहोल में फंस गया है।

बड़े पैमाने में ट्रक चालक को बचाने का अभियान चल रहा है। मगर अभी तक सफलता नहीं मिली है। अब लोगों से कम पानी के इस्तेमाल का अनुरोध किया गया है। उधर, अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भूस्खलन के जोखिम की वजह से घटनास्थल पर भारी मशीनरी का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है।

12 लाख लोगों से अपील- कम करें पानी का इस्तेमाल- जापान के अधिकारियों ने लगभग 12 लाख लोगों से बड़ी अपील की है। अधिकारियों ने जनता से कहा कि वह नहाने और कपड़े धोने में कम पानी का इस्तेमाल करें। इसकी वजह से सीवेज के रिसाव को रोका जा सकता है। दरअसल, सीवेज रिसाव की वजह से ट्रक ड्राइवर को बाहर निकालने में दिक्कत आ रही है। सिंकहोल में लगातार पानी का रिसाव जारी है।

सीवेज सिस्टम बहाल होने में लगेगा समय- गुरुवार को एएफपी को साइतामा प्रान्त के एक अधिकारी ने बताया कि हम ड्राइवर की जान बचाने को पहली प्राथमिकता दे रहे हैं। हमने लोगों से नहाने और कपड़े धोने में पानी के अनावश्यक उपयोग से बचने की अपील की है। शौचालय का उपयोग करने से बचना मुश्किल है। मगर जितना संभव हो उतना कम पानी का इस्तेमाल किया जाए।

बयान में अधिकारी ने कहा कि बचाव कार्य में कठिनाई आ रही है। इस वजह से सीवेज सिस्टम को बहाल करने में समय लग सकता है। क्षेत्र में कुछ सीवेज पानी एकत्र किया गया है। बुधवार को इसे पास की एक नदी में छोड़ा गया।

200 घरों को खाली कराने का आदेश- जापान के अधिकारियों ने आसपास के 200 घरों को खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल, सिंक होल और चौड़ा होता जा रहा है। मंगलवार को 74 वर्षीय ट्रक ड्राइवर को आखिरी बार सिंकहोल के अंदर देखा गया है।

दोगुना हो चुका गड्ढा- मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रक ड्राइवर का केबिन मिट्टी और मलबे में दबा है। गड्ढे का आकार भी पहले से दोगुना हो चुका है। शुरुआत में यह गड्ढा 33 फुट चौड़ा और पांच मीटर गहरा था। सिंकहोल के आसपास जमीन लगातार धंस रही है।

इस वजह से दोनों गड्ढे आपस में मिल गए हैं। इसका आकार अब 20 मीटर चौड़ा हो गया है। सिंकहोल में गैस पाइपलाइन भी है। आशंका जताई जा रही कि कहीं उसमें भी रिसाव होना शुरू न हो जाए।

इस वजह से बना सिंकहोल- सिंकहोल सड़क के बीचोबीच जंक्शन में बना है। माना जा रहा है कि जमीन के अंदर सीवेज पाइप फट गई है। इस वजह से पानी का भारी मात्रा में रिसाव हो रहा। इसके कारण ही सड़क पर सिंकहोल बना है। सिंकहोल में सीवेज का पानी भरा है। उसके बगल में एक और गड्ढा बन गया है।

# आठ बंधक छोड़ेगा हमास, बदले में इजराइल 110 कैदी करेगा रिहा, युद्ध विराम के बीच इजराइली हमले में 10 फलस्तीनियों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। गाजा में 19 जनवरी को युद्ध विराम लागू होने के बाद एक बार फिर कैदियों की अदला बदली की जा रही है। इसके तहत आज यानी गुरुवार को हमास तीन इजराइली और दो थाई बंधकों को छोड़ने जा रहा है। वहीं इजराइल इसके बदले 110 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने जा रहा है। इसी बीच युद्ध विराम के बावजूद इजराइल ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के शहर तमुन में एयर अटैक किया। इस हमले में 10 फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई।



संघर्ष विराम के तहत हमास इजराइली महिला सैनिक आगम बर्जर (20), अर्बेल येहूद (29) नामक महिला और 80 वर्षीय व्यक्ति गेडी मोसेज को रिहा करेगा। किन थाई नागरिकों को हमास छोड़ेगा, इसकी अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। न्यूज एजेंसी एपी के अनुसार इजराइल जिन 110 लोगों को छोड़ रहा है, उनमें से 30 ऐसे हैं, जो इजराइल के खिलाफ खतरनाक हमलों का दोषी पाए जाने के बाद उम्र कैद की सजा काट रहे थे। रिहा होने वालों में 2021 में जेल से भागा पूर्व चरमपंथी जकारिया जुबैदी भी शामिल है। इसे बाद में पकड़ लिया गया था।

5 लाख फलस्तीनी उत्तरी गाजा लौटे- इजराइली हमलों के बाद करीब 5 लाख से ज्यादा? फलस्तीनी उत्तरी गाजा लौट चुके हैं। वहां मदद की दरकार है। इजराइल की ओर से मानवीय सहायता भेजने की बात से इजराइल के पीछे हटने पर हमास ने प्रतिक्रिया दी है। हमास ने चेतावनी दी थी कि इजराइल मानवीय सहायता गाजा में नहीं भेजेगा तो कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया बाधित हो सकती है।

## भारत के दुश्मन को मोहम्मद यूनुस ने फिर लगाया गले, बांग्लादेश में क्या कर रहा है जॉर्ज सोरोस का बेटा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार भारत के दुश्मनों को गले लगाने से पीछे नहीं हट रही। ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के लीडर और भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले जॉर्ज सोरोस के बेटे एलेक्स सोरोस ने मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की।

एलेक्स सोरोस अपने पिता जॉर्ज सोरोस के मालदार एनजीओ द ओपन सोसायटी फाउंडेशन के चेयरमैन हैं। बता दें कि सेरोस ने यूनुस सरकार को आर्थिक मदद देने का वादा किया है।

मोहम्मद यूनुस से मुलाकात के बाद एलेक्स सोरोस ने एक्स पर पोस्ट किया, मानवाधिकारों के चैम्पियन और ओपन सोसायटी के पुराने मित्र मोहम्मद यूनुस से मिलने के लिए ढाका वापस आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह बांग्लादेश के लिए बदलाव का एक महत्वपूर्ण समय है और हमने महत्वपूर्ण सुधारों और निवेशों पर सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की है।

मोहम्मद यूनुस की टेंशन बढ़ रहे ट्रंप - इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि, तीन दिन पहले ही ट्रंप प्रशासन ने बांग्लादेश को मिलने वाली लाखों करोड़ डॉलर की अमेरिकी मदद पर रोक लगाने की बात कही है।

## क्या मार्च तक स्पेस से वापस आएंगी सुनीता विलियम्स, ट्रंप के एलान के बाद क्या बोला NASA?




फंसे अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को जितनी जल्दी हो सुरक्षित वापस लाने के लिए अरबपति एलन मस्क के स्पेसएक्स के साथ काम कर रहा है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि स्पेसएक्स जल्द ही दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए एक मिशन शुरू करेगा। नासा ने इसको लेकर क्रू-10 मिशन का भी जिक्र किया है।


नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स की वापसी को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को आदेश दिया था। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर बताया कि उन्होंने मस्क की कंपनी स्पेस एक्स से कहा कि वह मार्च के अंत तक दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी सुनिश्चित करें।

इसको लेकर नासा का भी जवाब सामने आया है, नासा ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में महीनों से

नासा और स्पेसएक्स एजेंसी के स्पेसएक्स क्रू-9 अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को जल्द से जल्द सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं।

## STOP साइन को अनदेखा करना शख्स को पड़ा भारी, ट्रक में जा घुसी गाड़ी; हुई मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। हैदराबाद के 28 साल के छात्र मोहम्मद वाजिद की अमेरिका के मैसाचुसेट्स के प्लायमाउथ काउंटी में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। हैदराबाद के खैरताबाद क्षेत्र के मूल निवासी वाजिद एनआरआई अल्पसंख्यक कांग्रेस के सदस्य थे। उन्होंने शिकागो में अपनी मास्टर डिग्री पूरी की।



दुर्घटना तब हुई जब सेमी-ट्रक चला रहे वाजिद ने एक चौराहे पर लगे स्टॉप साइन को देखकर गाड़ी नहीं रोकी और अनाज ले जा रहे एक ट्रक से टकरा गए। आयोवा राज्य गश्ती दल ने घटना को लेकर बताया है कि वाजिद की गाड़ी ने अनाज के पिछले हिस्से को टक्कर मार दी, जिससे अनाज आधा टूट गया। वाजिद को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

ट्रक चालक का क्या हुआ- दूसरा ट्रक चला रहे टिमोथी विल्किन को कोई चोट नहीं आई है। घटना 12:42 बजे हुई और इससे आसपास के खेतों में आग लग गई। हादसे के बात तेलंगाना कांग्रेस सचिव मोहम्मद शहाबुद्दीन ने एक्स पर खबर शेयर की और संवेदना व्यक्त की।

क्या बोले तेलंगाना कांग्रेस सचिव- मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा, आज मेरे और हमारे पूरे कांग्रेस परिवार के लिए एक दुखद दिन है। हमने अमेरिका के शिकागो में एक दुखद दुर्घटना में एक प्रिय मित्र और सहयोगी मोहम्मद वाजिद को खो दिया है। वाजिद खैरताबाद डिवीजन में युवा कांग्रेस के एक सक्रिय नेता थे और एक संयुक्त राज्य अमेरिका में एनआरआई अल्पसंख्यक कांग्रेस समिति के सदस्य, हमारे संगठन के प्रति उनके जुनून, ऊर्जा और समर्पण को गहराई से याद किया जाएगा।

## कुरान जलाने वाले सलवान मोमिका की गोली मारकर हत्या, इस्लाम के खिलाफ संघर्ष का किया था एलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्वीडन में कुरान जलाने वाले सलवान मोमिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सलवान इस्लाम धर्म के आलोचक थे। 38 वर्षीय मोमिका को बुधवार रात स्टॉकहोम के पास सॉडेटेलिए इलाके में गोली मारी गई थी।



वो चर्चा में तब आए जब उन्होंने साल 2023 में ईद के मौके पर स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम की सबसे बड़ी मस्जिद के सामने मुस्लिम धार्मिक ग्रंथ कुरान का अपमान किया और उसे जलाया था। पुलिस को एक व्यक्ति के गोली लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने उन्हें गंभीर रूप से घायल पाया।


दुनियाभर में वायरल हुई थी मोमिका की वीडियो- मोमिका के भड़काऊ कुरान जलाने के वीडियो को दुनिया भर में वायरल हुई थी। वीडियो वायरल होने के बाद कई मुस्लिम देशों में गुस्सा और आलोचना पैदा हुई, जिससे कई जगहों पर दंगे और अशांति फैल गई।

स्टॉकहोम की एक अदालत को गुरुवार को यह फैसला सुनाना था कि क्या इराकी ईसाई सलवान मोमिका, जातीय घृणा भड़काने का दोषी है या नहीं। अदालत ने फैसला यह कहते हुए टाल दिया कि प्रतिवादी की मृत्यु हो गई है।

कौन थे सलवान मोमिका- मोमिका ने खुद को इराक में एक ईसाई मिलिशिया के प्रमुख के रूप में पेश किया था।। उनका संगठन, इमाम अली ब्रिगेड्स के अंतर्गत आता है। ये संगठन 2014 में बनाया गया था और इस पर वॉर क्राइम के आरोप लगते रहे हैं।

## क्या तुमने वो देखा..., अमेरिका में प्लेन हादसे से पहले का ऑडियो वायरल, ATC के अधिकारी भी चौंके

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में एक बड़ा प्लेन हादसा हुआ, अमेरिकी एयरलाइन की फ्लाइट सेना के हेलीकॉप्टर से लैंड करते वक्त टकरा गई। हेलीकॉप्टर में लगभग 64 लोग सवार थे, इनमें से अब तक 18 लोगों के शव नदी से मिले हैं। अब इस घटना से संबंधित एक ऑडियो भी सामने आया है। ये ऑडियो दुर्घटना से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर की जरूरी बातें से जुड़ी है।



टक्कर से 30 सेकंड से भी कम समय पहले, रीगन राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने सैन्य हेलीकॉप्टर को कॉल किया। उन्होंने कहा, पीएटी25, क्या आपके पास सीआरजे दिखाई दे रहा है? कुछ पल बाद, एक और निर्देश दिया गया। पीएटी 25 सीआरजे के पीछे से गुजरें।

क्या बोले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर- हेलीकॉप्टर की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कुछ सेकंड बाद, दोनों विमान टकरा गए। घटना को देख रहे एक पायलट ने रेडियो पर तत्काल कॉल किया, टॉवर, क्या तुमने वह देखा?

तीन सैनिकों को ले जा रहा था ब्लैक हॉक- अमेरिकन एयरलाइंस, जिसकी क्षेत्रीय सहायक कंपनी पीएसए एयरलाइंस ने बॉम्बार्डियर सीआरजे-700 का संचालन किया ने पुष्टि की कि विमान में 64 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। अमेरिकी सेना ने बताया कि टक्कर के समय हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग फ्लाइट में लगा हुआ था। ब्लैक हॉक तीन सैनिकों को ले जा रहा था।

# DeepSeek के फैन हुए अश्विनी वैष्णव, आईटी मंत्री ने क्यों की चाइनीज AI चैटबॉट की तारीफ?



नई दिल्ली (एजेंसी)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में चीनी AI चैटबॉट DeepSeek की काफी चर्चा हो रही है। भारत में भी इस चैटबॉट की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

मात्र 6 मिलियन डॉलर (लगभग 50 करोड़ रुपये) की लागत और दो महीने की मेहनत में तैयार इसका AI मॉडल ने अमेरिका की टेक मार्केट में हलचल मचा दी है। कई विशेषज्ञों का दावा है कि OpenAI की ChatGPT की तुलना में DeepSeek ज्यादा अच्छा परफॉर्म कर रही है। अश्विनी वैष्णव ने की DeepSeek की तारीफ - भारत के आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी DeepSeek की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि DeepSeek ने भारत के IndiaAI मिशन को प्रेरित किया है।

मंगलवार (28 जनवरी) को ओडिशा में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा- कुछ लोग सवाल करते हैं कि सरकार ने AI मिशन के लिए इतनी रकम क्यों दी? आपने DeepSeek को देखा? सिर्फ 5.5 मिलियन डॉलर में बहुत ही शक्तिशाली मॉडल बना दिया। असली ताकत है दिमाग के इस्तेमाल में। अश्विनी वैष्णव ने ओपनएआई के सीईओ को दिया जवाब

गौरतलब है कि चीन के बहाने केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन पर निशाना साधा था। penAI के CEO सैम ऑल्टमैन कुछ दिनों पहले भारत में 10 मिलियन डॉलर के बजट में बड़े स्तर का ढ्ढ मॉडल बनाने की संभावना पर निराशा प्रकट की थी।

सैम ऑल्टमैन ने पिछले साल भारत दौरे पर कहा था- हम आपको बताएंगे कि हमारे जैसे फाउंडेशन मॉडल बनाना आपके लिए असंभव है, कोशिश भी मत करो। आपकी जिम्मेदारी है कि फिर भी कोशिश करें। मैं दोनों बातों पर विश्वास करता हूं।

## फिर से इजरायल जा पाएंगे भारतीय, इस दिन से तेल अवीव और दिल्ली के बीच उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल-हमास युद्ध के बीच पिछले साल अगस्त में सेवाओं को निलंबित करने के बाद एअर इंडिया दो मार्च से तेल अवीव के लिए सीधी उड़ानें फिर से शुरू करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली से इजरायल के तेल अवीव के लिए पांच साप्ताहिक उड़ानें संचालित की जाएंगी। एयरलाइन अपने बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान को इस मार्ग पर तैनात करेगी, जिसमें बिजनेस क्लास में 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी क्लास में 238 सीटें होंगी। नॉन स्टाप उड़ानें सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और रविवार को संचालित की जाएंगी।

इजरायल और ईरान के बीच बढ़ने तनाव के बाद रोक दी थीं उड़ानें- दिल्ली-तेल अवीव मार्ग पर परिचालन फिर से शुरू करने का निर्णय आवश्यक मंजूरी के बाद लिया गया है। अगस्त 2024 में इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए एयरलाइन ने सीधी उड़ानें निलंबित कर दी थीं।

मंगलवार को इजराइल के पर्यटन मंत्री हैम काट्ज ने कहा कि वह एअर इंडिया और इजरायली एयरलाइन ईआइ एआइ द्वारा मुंबई से तेल अवीव के लिए सीधी उड़ान पर जोर दे रहे हैं।

## महाकुंभ भगदड़ मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, जनहित याचिका दाखिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाकुंभ के दूसरे अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या से पहले प्रयागराज के संगम क्षेत्र में मंगलवार रात भगदड़ मच गई थी। बुधवार रात घटी इस घटना में 30 लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल हो गए। इस घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है।

महाकुंभ जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भगदड़ को रोकने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश, नीति और नियम बनाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई।

एक वकील द्वारा दायर जनहित याचिका में यह निर्देश देने की मांग की गई है कि यह सुनिश्चित की जाए कि वीआईपी आवाजाही से आम श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। वहीं, महाकुंभ में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अधिकतम स्थान प्रदान किया जाए।

जनहित याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार को 29 जनवरी को हुई महाकुंभ 2025 भगदड़ की घटना पर स्थिति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश देने की भी मांग की गई। वहीं, इस भगदड़ के लिए जो अधिकारी जिम्मेदार हैं, उनपर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

मौनी अमावस्या के मौके पर संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ बढ़ गई थी। भीड़ इतनी बढ़ गई कि लोग सो रहे श्रद्धालुओं पर बैरिकेडिंग तोड़कर चढ़ गए।

## दिल्ली-यूपी में कोहरा, पहाड़ों पर होगी बर्फबारी; पंजाब-हरियाणा में फिर बदलेगा मौसम




नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत में इन दिनों धूप की वजह से गर्मी का एहसास हो रहा है। लेकिन मौसम विभाग ने 30 जनवरी को दिल्ली यूपी के कई जिलों में कोहरे की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश में छिटपुट बारिश या बर्फबारी हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भारी बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है।

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, और केरल और माहे में छिटपुट वर्षा होने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, असम और मेघालय और लक्षद्वीप में छिटपुट बारिश हो सकती है।

पूर्वोत्तर भारत पर एक चक्रवाती परिसंचरण बने रहने की उम्मीद है, जिससे शनिवार तक गरज के साथ बारिश हो सकती है। बारिश तेज़ होने का अनुमान है, गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान भारत के उत्तरी हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जो उत्तर भारत से मध्य और पूर्वी भारत से होते हुए पूर्वोत्तर भारत तक फैल जाएगा। पंजाब और हरियाणा में शीतलहर के साथ बारिश की संभावना है।

जनवरी की शुरुआत में मौसम बदला था। पहले सप्ताह में ही अच्छी वर्षा व हिमपात देखने को मिला। उसके बाद तीन पश्चिमी विक्षोभ आए लेकिन वर्षा व हिमपात के मामले में खास गतिविधि दिखी नहीं। इसका नतीजा हुआ शीतकालीन वर्षा में कमी आ गई। जनवरी बीतने को है और प्रदेश में सामान्य से 86 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। मौसम विभाग जनवरी व फरवरी को शीतकालीन अवधि में रखता है। सात व आठ जनवरी को पहला पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उत्तराखंड के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा देखने को मिली।

## रिटायर्ड जवानों को कोर्ट में क्यों घसीटा जा रहा? सुप्रीम कोर्ट ने की केंद्र की खिंचाई, कहा- भारी जुर्माना लगाएंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। सेवानिवृत्त सैनिक की विकलांगता पेंशन के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जमकर फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ऐसी ओछी याचिकाएं दाखिल करके सशस्त्र बलों का मनोबल नहीं गिराया जा सकता।

पीठ ने केंद्र से पूछा कि क्या आप नीति बनाने को तैयार हैं। अगर नीति बनाने को तैयार नहीं हैं तो हमें जब भी लगेगा कि अपील निरर्थक है तो हम भारी जुर्माना लगाना शुरू करेंगे।

न्यायाधिकरण के फैसले को केंद्र ने दी चुनौती- गुरुवार को केंद्र सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। इस याचिका में केंद्र ने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें एक सेवानिवृत्त रेडियो फिटर को विकलांगता पेंशन प्रदान की है।

पीठ ने पूछा- शीर्ष अदालत में घसीटने की जरूरत क्यों?

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण से विकलांगता पेंशन से राहत पाने वाले सशस्त्र बलों के हर सदस्य को शीर्ष अदालत में घसीटने की जरूरत नहीं है। केंद्र को अपील दायर करने में विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए- पीठ ने कहा कि याचिका में कुछ व्यावहारिक दृष्टिकोण होना चाहिए। एक सैन्यकर्मी 15- 20 साल तक काम करता है। मान लीजिए कि वह कुछ विकलांगता से ग्रस्त है और सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के आदेश में विकलांगता पेंशन के भुगतान का निर्देश दिया जाता है। तो इन लोगों को सुप्रीम कोर्ट में क्यों घसीटा जाना चाहिए?

केंद्र सरकार को नीति बनाना चाहिए- पीठ ने आगे कहा कि हमारा मानना है कि केंद्र सरकार को एक नीति बनाना चाहिए। इतना ही नहीं सशस्त्र बलों के सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट में घसीटने का निर्णय लेने से पहले कुछ जांच पड़ताल भी की जानी चाहिए।

## हादसों से मिलेगी मुक्ति...पूरे देश में ट्रेनों-ट्रैक में कवच लगाने के काम में तेजी, रेलवे ने बनाए नए नियम



नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रेनों की स्वचालित सुरक्षा प्रणाली कवच को दक्षिण मध्य जोन के 1465 किलोमीटर मार्ग पर लगाए जाने के दो वर्ष बाद रेलवे बोर्ड ने हाल ही में इसकी अधिसूचना जारी कर इसे लागू करने के नियम बनाए हैं। जुलाई 2020 में कवच को राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के रूप में अपनाया गया था और फिर इसे 2023 में दक्षिण मध्य रेलवे में लगाया गया। इसे हर जगह लगाने का काम जारी है।

कवच एक रेडियो कम्यूनिकेशन आधारित नियंत्रण प्रणाली है- सुरक्षा विशेषज्ञ कहते हैं कि इसे लगाए जाने के बाद इसके काम करने और बेहतर बनाने के तरीकों के बारे में समझ बनीं, जिससे इसे लागू करने के नियम बनाने में आसानी हुई। बीते दो जनवरी को सरकार ने अधिसूचना जारी कर इसे संशोधित रेलवे एक्ट 1989 में शामिल कर दिया था।

अधिसूचना के अनुसार कवच एक रेडियो कम्यूनिकेशन आधारित नियंत्रण प्रणाली है, जो कवच से जुड़े स्थानों पर, कवच से लैस ट्रेनों में लोको पायलट को अतिरिक्त सहायता मुहैया कराती।

कवच के लिए 5133 किलोमीटर आप्टिकल फाइबर बिछाई जा रही- नवंबर 2024 तक कवच के लिए 5133 किलोमीटर आप्टिकल फाइबर केवल बिछाने, 540 टेलीकाम टावर लगाने, 707 ट्रेनों के साथ 523 रेलवे स्टेशनों को कवच से लैस बनाने और पटरियों के किनारे 3,434 किलोमीटर में उपकरणों को लगाने का काम पूरा हो चुका है।

सुरक्षा कर्मियों के लिए पर्याप्त आराम सुनिश्चित करें

केंद्रीय रेलवे ने अपने विभागीय अधिकारियों से कहा है कि वे मंत्रालय के 2016 के दिशानिर्देशों के अनुसार सुरक्षा से जुड़े कर्मचारियों के लिए सही रोस्टर बनाएं, ताकि उन्हें पर्याप्त साप्ताहिक आराम मिल सके।

यह काम बिना अतिरिक्त कर्मचारी की जरूरत के मौजूदा कर्मचारियों में ही पूरा किया जाए। इसे प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 माघ शुक्ल द्वतीया

## संपादकीय

# जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपनी मंजिल की तरफ बढ़ रहा है....



जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपनी मंजिल की तरफ आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का परिवर्तनकारी प्रभाव इस बात का प्रमाण है कि हम महिलाओं के विकास से महिला नेतृत्व में विकास तक के सफर में कितने आगे आ गए हैं।

स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था कि जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक विश्व के कल्याण की कोई संभावना नहीं है किसी भी पंछी के लिए महज एक पंख के साथ उड़ना संभव नहीं है। उनके इस कालजयी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बी.बी.बी.पी.) योजना की शुरुआत की। इस ऐतिहासिक पहल का मकसद भारत में गिरते बाल लिंग अनुपात (सी. एस. आर. ) पर ध्यान देना और यह सुनिश्चित करना था कि देश भर में लड़कियों और महिलाओं को वे सभी अवसर देखभाल और सम्मान मिलें, जिनकी वे हकदार हैं।

2011 की जनगणना में बाल लिंग अनुपात 918 होने के साथ सामाजिक पूर्वाग्रहों और नैदानिक उपकरणों के दुरुपयोग की चिंताजनक तस्वीर सामने आई। एक लक्ष्य के साथ तथा जीवन-चक्र-केंद्रित कदमों के जरिए, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को न केवल इस तस्वीर को बदलने के लिए लांच किया गया था, बल्कि एक ऐसे भविष्य की नींव भी रखी गई, जहां महिलाएं नेतृत्व करें और आगे बढ़ें।

पिछले एक दशक में, इस योजना ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के अनुसार, 2014-15 में जन्म के समय राष्ट्रीय लिंग अनुपात 918 से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है। संस्थागत प्रसव के मामले भी 2014-15 में 61 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 97.3 प्रतिशत हो गए हैं, जबकि पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61 प्रतिशत से बढ़कर 80.5 प्रतिशत हो गया है।माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 75.51 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 79.4 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा, पुरुष और स्त्री नवजात शिशुओं के बीच शिशु मृत्यु दर में अंतर तकरीबन खत्म हो गया है, जो उत्तरजीविता और देखभाल में समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन, आंकड़ों में सुधार की सीमा से कहीं आगे निकल गया है। इसने महिला सशक्तिकरण के मायने ही बदलकर रख दिए हैं। अक्तूबर 2023 में 150 महिला बाइकर्स द्वारा 10,000 किलोमीटर की यात्रा, यशस्विनी बाइक अभियान जैसी पहल, भारत की बेटियों के अदम्य साहस का प्रतीक है।

आज जब हम इस परिवर्तनकारी पहल के 10 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, साफ है कि मिशन अभी खत्म नहीं हुआ है। हमें अगर विकसित भारत के अपने सपने को हासिल करना है, तो यह तय करना जरूरी है कि लड़कियां और महिलाएं हमारे राष्ट्र- निर्माण प्रयासों के केंद्र में रहें। भारत तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक इस देश की लड़कियां और महिलाएं अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के काबिल नहीं हो जातीं। यह हमारे लिए निर्णायक कार्रवाई करने का वक्त है। हमें गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पी.सी.पी.एन.डी.टी.) अधिनियम 1994 के कार्यान्वयन को मजबूत करना चाहिए, शिक्षा में ड्रॉपआउट दर को संबोधित करना चाहिए, कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करना चाहिए और लड़कियों के जीवन के हर चरण में जरूरी मदद देनी चाहिए।

# सोमनाथ शर्मा




मेजर सोमनाथ शर्मा भारतीय सेना की कुमाऊँ रेजिमेंट की चौथी बटालियन की डेल्टा कंपनी के कंपनी-कमांडर थे जिन्होंने अक्टूबर-नवम्बर, 1947 के भारत-पाक संघर्ष में अपनी वीरता से शत्रु के छक्के छुड़ा दिये। उन्हें भारत सरकार ने मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया। परमवीर चक्र पाने वाले ये प्रथम व्यक्ति हैं।

### जीवन परिचय

मेजर सोमनाथ शर्मा का जन्म 31 जनवरी, 1923 को जम्मू में हुआ था। इनके पिता मेजर अमरनाथ शर्मा भी सेना में डॉक्टर थे और आर्मी मेडिकल सर्विस के डायरेक्टर जनरल के पद से सेवामुक्त हुए थे। मेजर सोमनाथ की शुरुआती स्कूली शिक्षा अलग-अलग जगह होती रही, जहाँ इनके पिता की पोस्टिंग होती थी। लेकिन बाद में उनकी पढ़ाई शेरवुडा, नैनीताल में हुई। मेजर सोमनाथ बचपन से ही खेल कूद तथा एथलेटिक्स में रुचि रखते थे।

### पिता और मामा का प्रभाव

मेजर सोमनाथ का कीर्तिमान एक गौरव की बात भले ही हो, उसे आश्चर्यजनक इसलिए नहीं माना जा सकता क्योंकि उनके परिवार में फौजी संस्कृति एक परम्परा के रूप में चलती रही थी। इनके पिता यदि चाहते तो एक डॉक्टर के रूप में लाहौर में अपनी प्रैक्टिस जमा सकते थे, किंतु उन्होंने इच्छापूर्वक भारतीय सेनिकों की सेवा करना चुना। पिता के अतिरिक्त मेजर सोमनाथ पर अपने मामा की गहरी छाप पड़ी। उनके मामा लैफ्टिनेंट किशनदत्त वासुदेव 4/19 हैदराबादी बटालियन में थे तथा 1942 में मलाया में जापानियों से लड़ते शहीद हुए थे।

### सेना में प्रवेश

मेजर सोमनाथ ने अपना सैनिक जीवन 22 फरवरी, 1942 से शुरू किया जब इन्होंने चौथी कुमायूं रेजिमेंट में बतौर कमीशंड ऑफिसर प्रवेश लिया। उनका फौजी कार्यकाल शुरू ही दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुआ और वह मलाया के पास के रण में भेज दिये गये। पहले ही दौर में इन्होंने अपने पराक्रम के तेवर दिखाए और वह एक विशिष्ट सैनिक के रूप में पहचाने जाने लगे।

### माता-पिता के नाम एक खत

दिसम्बर 1941 में सोमनाथ ने अपने माता-पिता को एक पत्र लिखा था, जो सबके लिए एक आदर्श की मिसाल बन गया था। इन्होंने लिखा था

मैं अपने सामने आए कर्तव्य का पालन कर रहा हूँ। यहाँ मौत का क्षणिक डर ज़रूर है, लेकिन जब मैं गीता में भगवान कृष्ण के वचन को याद करता हूँ तो वह डर मिट जाता है। भगवान कृष्ण ने कहा था कि आत्मा अमर है, तो फिर क्या फ़र्क़ पड़ता है कि शरीर है या नष्ट हो गया। पिताजी मैं आपको डरा नहीं रहा हूँ, लेकिन मैं अगर मर गया, तो मैं आपको यकीन दिलाता हूँ कि मैं एक बहादुर सिपाही की मौत मरूँगा। मरते समय मुझे प्राण देने का कोई दुःख नहीं होगा। ईश्वर आप सब पर अपनी कृपा बनाए रखे।

### भारत-पाकिस्तान युद्ध (1947)

3 नवम्बर 1947 को मेजर सोमनाथ शर्मा की टुकड़ी को कश्मीर घाटी के बदगाम मोर्चे पर जाने का हुकुम दिया गया। 3 नवम्बर को प्रकाश की पहली किरण फूटने से पहले मेजर सोमनाथ बदगाम जा पहुँचे और उत्तरी दिशा में उन्होंने दिन के 11 बजे तक अपनी टुकड़ी तैनात कर दी। तभी दुश्मन की क़रीब 500 लोगों की सेना ने उनकी टुकड़ी को तीन तरफ से घेरकर हमला किया और भारी गोला बारी से सोमनाथ के सैनिक हताहत होने लगे। अपनी दक्षता का परिचय देते हुए सोमनाथ ने अपने सैनिकों के साथ गोलियां बरसाते हुए दुश्मन को बढ़ने से रोके रखा। इस दौरान उन्होंने खुद को दुश्मन की गोली बारी के बीच बराबर खतरे में डाला और कपड़े की पट्टियों की मदद से हवाई जहाज को ठीक लक्ष्य की ओर पहुँचने में मदद की।

### अंतिम शब्द

इस दौरान, सोमनाथ के बहुत से सैनिक वीरगति को प्राप्त हो चुके थे और सैनिकों की कमी महसूस की जा रही थी। सोमनाथ बायाँ हाथ चोट खाया हुआ था और उस पर प्लास्टर बंधा था। इसके बावजूद सोमनाथ खुद मैग्जीन में गोलियां भरकर बंदूक धारी सैनिकों को देते जा रहे थे। तभी एक मोर्टार का निशाना ठीक वहीं पर लगा, जहाँ सोमनाथ मौजूद थे और इस विस्फोट में ही वो शहीद हो गये। सोमनाथ की प्राण त्यागने से बस कुछ ही पहले, अपने सैनिकों के लिए ललकार थी दुश्मन हमसे केवल पचास गज की दूरी पर है। हमारी गिनती बहुत कम रह गई है। हम भयंकर गोली बारी का सामना कर रहे हैं फिर भी, मैं एक इंच भी पीछे नहीं हटूंगा और अपनी आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक डटा रहूँगा।



# जितना गिन सको, उतना ले जाओ, चीन की इस कंपनी ने गजब तरीके से बांटा बोनस



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन की एक क्रेन कंपनी ने अपने कर्मचारियों को कथित तौर पर 11 मिलियन डॉलर (लगभग 70 करोड़ रुपये) का बोनस ऑफर किया। इसे पाने की बस एक ही शर्त थी, आप उतना ही घर ले जाएं, जितना आप गिन सकें।

कौन है कंपनी, क्या है पूरा मामला- चीन की Henan Mining Crane Co. Ltd ने हाल ही में अपने कर्मचारियों को साल के आखिर का बोनस दिया। उसने मेज पर ढेर सारा कैश रखा। फिर कर्मचारियों से कहा गया कि वे जितना पैसे गिन लेंगे, उतना घर ले जा सकेंगे। कंपनी ने बोनस का लाभ उठाने के लिए कर्मचारियों को अधिकतम 15 मिनट का समय दिया।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल- इस अनोखे बोनस के वीडियो को सबसे पहले चीन की Douyin और Weibo जैसी सोशल मीडिया साइट्स पर शेयर किया गया। वहां वायरल होने के बाद यह ग्लोबल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी छा गया। इस वायरल क्लिप में एक बड़ी सी टेबल पर ढेर सारे पैसे रखे हुए थे। कर्मचारी जितना हो सके, उतना पैसा उठाते नजर आ रहे थे। एक कर्मचारी ने कथित तौर पर तय समय में 100,000 युआन यानी करीब 12.07 लाख रुपये जमा किए।

सोशल मीडिया यूजर के रिएक्शन- Henan Mining के बोनस बांटने के तरीके पर सोशल मीडिया यूजर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ ने इस पर खुशी और हैरानी जताई। उन्होंने कंपनी की दरियादिली की भी तारीफ की। वहीं, कुछ अन्य इस कॉन्सेप्ट की आलोचना की और इसे अपमानजनक भी बताया।

एक यूजर ने लिखा, यह असल में कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने वाली पहल है। इससे वे और बेहतर करने के लिए प्रेरित होंगे। एक अन्य ने कहा, मेरी हमेशा से ऐसे ही बोनस पाने की हसरत थी, लेकिन अफसोस यह किसी और कंपनी में सच हो रही है।

एक यूजर ने बोनस बांटने के तरीके की आलोचना की। उसने लिखा, यह अपमानजनक है। आपने बोनस बांटने को एकदम सर्कस बना दिया। इससे अच्छा होता कि आप पैसों को सीधे वर्कर्स के अकाउंट में जमा करते।

## मोदी सरकार ने हेवी मोलासीस का खरीद मूल्य बढ़ाया, क्या किसानों को होगा फायदा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को अपनी बैठक में पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के लिए खरीद की जाने वाली हेवी मोलासीस की खरीद मूल्य को 56.58 रुपये प्रति लीटर से बढ़ा कर 57.97 रुपये प्रति लीटर कर दिया है।

हेवी मोलासीस की दो श्रेणी हैं, सी और बी। खरीद कीमत सिर्फ सी श्रेणी की मोलासीस की बढ़ाई गई है। बी श्रेणी की हेवी मोलासीस और गन्ने के जूस, चीनी या शुगर सिरप की खरीद की कीमत क्रमशः 60.73 रुपये प्रति लीटर और 65.61 रुपये प्रति लीटर रहने दिया गया है। यह कीमत 31 अक्टूबर, 2025 तक के लिए लागू है।

20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य जल्दी पूरा होगा- पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने पेट्रोल में 20 फीसद इथेनॉल मिलाने की योजना के लक्ष्य को 2030-31 से घटा कर 2025-26 कर दिया है। अभी पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 18 फीसद इथेनॉल का मिश्रण पेट्रोल में किया जा रहा है।

किसानों को 40 हजार करोड़ रुपये का भुगतान मिला- सरकार का कहना है कि पिछले इथेनॉल सप्लाई वर्ष में इथेनॉल की खरीद के लिए किसानों को 40 हजार करोड़ रुपये की अदाएगी की गई है।

## विदेश में क्रिटिकल मिनरल माइंस की खरीद बढ़ाएंगी भारतीय कंपनियां, चीन के दबदबे को मिलेगी चुनौती



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने प्रौद्योगिक आधारित उद्योगों जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर पैनल्स, सेमीकंडक्टर, कंप्यूटिंग आदि में बहुमूल्य धातुओं (क्रिटिकल मिनरल्स) की जरूरत को देखते हुए 16,300 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनिरल्स मिशन (एनसीसीएम) को मंजूरी दी है। इस मिशन के गठन की घोषणा जुलाई, 2024 में आम बजट में की गई थी।

पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मिशन के गठन का फैसला किया गया जिसका भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की कोशिश में अहम योगदान हो सकता है। यह मिशन देश की सरकारी व निजी कंपनियों को बहुमूल्य धातुओं से संपन्न देशों में इनके खानों को खरीदने या अधिग्रहण करने में आर्थिक व दूसरी मदद देगा। अभी इन धातुओं के खदानों के अधिग्रहण के मामले में चीन वैश्विक लीडर है। भारत इस बारे में अमेरिका, आस्ट्रेलिया समेत कई दूसरे देशों के साथ सहयोग स्थापित कर रहा है।

कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एनसीसीएम की अवधि वर्ष 2025 से वर्ष 2031 तक के लिए होगी। इसे खनन मंत्रालय लागू करेगा। 16,300 करोड़ रुपये में बजटीय योगदान 2600 करोड़ रुपये की होगी जबकि शेष राशि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां करेंगी। इसके अलावा सरकारी कंपनियों की तरफ से क्रिटिकल मिनिरल्स क्षेत्र में 18,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होने की संभावना है।

मिशन सिर्फ खानों व खनिजों की खरीद की ही नहीं बल्कि इसके लिए देश में आवश्यक प्रशिक्षित श्रम तैयार करने, वित्तीय इकोसिस्टम बनाने का भी काम करेगा। देश में कितनी खनिजों की जरूरत है और इसकी मांग में कितनी वृद्धि होगी, इसका आकलन करना और इसे पूरा करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर सलाह देने का भी काम करेगा।


## रेल और आम बजट को क्यों किया गया मर्ज, इससे क्या फायदा हुआ?



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक वक्त था, जब आम बजट और रेल बजट अलग-अलग पेश होते थे। रेल बजट की अहमियत भी काफी ज्यादा थी, क्योंकि रेलवे सरकार के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत थी। इसमें नई ट्रेन चलाने और पटरियां बिछाने जैसे एलान होते थे। अगर रेल किराये में कमी या इजाफा करना होता था, तो उसकी घोषणा भी रेल बजट में भी होती थी। लेकिन, साल 2017 से यूनियन बजट और रेल बजट को एक ही में मर्ज कर दिया गया।

1924 में शुरू हुआ था रेल बजट- ईस्ट इंडिया रेलवे कमेटी के चेयरमैन सर विलियम एक्वर्थ 1921 में रेलवे के लिए बेहतर मैनेजमेंट सिस्टम पेश किया था। उनकी एकवर्थ कमेटी ने रेल बजट को अलग से पेश करने की सिफारिश की थी। ब्रिटिश हुकूमत ने रेल बजट की शुरुआत 1924 में की। तब से लेकर साल 2016 तक रेल बजट अलग से पेश होता था। आजादी के बाद पहला रेल बजट 1947 में देश के पहले रेल मंत्री जॉन मथाई ने पेश किया था। 2016 में रेल मंत्री रहे पीयूष गोयल ने आखिरी बार रेल बजट पेश किया था।

# सरकार के पास 1 लाख करोड़ की राहत देने का मौका; इनकम टैक्स छूट मिलेगी या रोजगार पर होगा फोकस?




नई दिल्ली (एजेंसी)। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटे में कमी और अनुमान से कम पूंजीगत खर्च के रहने से आगामी बजट में सरकार के पास लोगों को एक लाख करोड़ तक की राहत देने की गुंजाइश दिख रही है। यह राहत इनकम टैक्स में छूट से लेकर रोजगार से जुड़ी स्कीम में दी जा सकती है। एक फरवरी को आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी।

चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्च के मद में बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया था, लेकिन इस साल अप्रैल से नवंबर तक इस आवंटन का 46 प्रतिशत ही खर्च किया गया है। पूंजीगत खर्च कम रहने और राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी से चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान से कम रह सकता है। बजट में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, लेकिन अब राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.7 प्रतिशत रह सकता है।

सरकार के पास हैं 1 लाख करोड़ रुपये- एचडीएफसी बैंक की प्रमुख अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता के मुताबिक राजकोषीय घाटे के साथ पूंजीगत खर्च में कमी से सरकार के पास एक लाख करोड़ रुपए तक की वित्तीय गुंजाइश है। उन्होंने बताया कि सरकार इनकम टैक्स की नई व्यवस्था के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की छूट की सीमा बढ़ा सकती है। गरीब व किसान से जुड़ी पीएम-किसान, मनरेगा जैसी स्कीम के तहत भी आवंटन में बढ़ोतरी की जा सकती है ताकि खपत बढ़ाई जा सके।

चालू वित्त वर्ष में राजस्व प्राप्ति में बढ़ोतरी से भी टैक्स छूट से लेकर अन्य स्कीम के माध्यम से लोगों की खर्च क्षमता बढ़ाने में सरकार को मदद मिलेगी।

## प्रयागराज के लिए अब मिलेगा सस्ता हवाई टिकट? सरकार बोली- किराया घटाएं एयरलाइंस



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। इनमें से बहुत-से श्रद्धालु हवाई रास्ते से जा रहे हैं। इस बढ़ी डिमांड का फायदा उठाने के लिए विमानन कंपनियों ने हवाई किराये में इजाफा कर दिया है। इस पर सरकार ने चिंता जताई है। प्रयागराज में 26 फरवरी तक महाकुंभ मेला रहेगा।

उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रयागराज के लिए अत्यधिक हवाई किराये पर चिंता जताई है। उन्होंने किराये में कमी करने की मांग करते हुए विमानन नियामक डीजीसीए को पत्र लिखा है। जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रयागराज के लिए हवाई किराया काफी अधिक है। इससे श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ में भाग लेना मुश्किल हो रहा है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# किसका है कार में मिला 54 किलो सोना?, इस सवाल पर यह बोले सौरभ शर्मा और चेतन गौर



भोपाल। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के घर में छापेमारी के बाद बरामद संपत्ति की जांच सक्रियता से शुरू कर दी गई है। सौरभ और उसके दोनों राजदार शरद जायसवाल और चेतन गौड़ भी गिरफ्त में हैं।

रिमांड मिलने के पहले दिन लोकायुक्त ने सवाल-जवाब करने से ज्यादा दस्तावेज जमावट में समय निकाला। इस दौरान लोकायुक्त पुलिस का सवाल था कि संपत्ति कहां से आई और सोना किसका है, इस पर दोनों ने सोना उनका होने से इन्कार किया तो लोकायुक्त ने जमीनों और निवेश के दस्तावेज में दिखा दिए।

दोनों का मेडिकल करवाया गया

इसी दौरान सौरभ शर्मा और चेतन गौड़ का मेडिकल भी कराया गया। बाद में शरद जायसवाल को भी रिमांड पर लेने के बाद उनको एक स्थान पर थाने की सुरक्षा में रखा गया। हालांकि जिस तरह से अभी तक की लोकायुक्त की सुस्ती सामने आई है, उससे ऐसा लग रहा है कि जांच एजेंसी ने सवाल और जवाब दोनों तय कर रखे हैं।

जानकारी के मुताबिक लोकायुक्त ने पुलिस रिमांड पर लेने के बाद पहले दिन चेतन गौड़ और सौरभ शर्मा को पुलिस कमिश्नरी के एक थाने में रखा था। सुबह होते ही उनको थाने से लोकायुक्त लाया गया। जहां एक कमरे में दोनों को रखा गया।

सौरभ शर्मा के घर छापेमारी के बाद दस्तावेज की जमावट भी नहीं की गई थी। उसके गिरफ्तार होने के बाद सौरभ के घर से दस्तावेजों की एक फाइलिंग की गई। इस दौरान करीब दो घंटे का समय लगा। इस दौरान सौरभ को लग रहा था कि उससे फिल्मी अंदाजा में सवाल-जवाब होंगे लेकिन जिस तरह के सवाल हुए, उन पर वह इन्कार ही करता रहा है।

सौरभ शर्मा, चेतन गौड़ और शरद जायसवाल को एक साथ रखने को लेकर लोकायुक्त के एक अधिकारी राजी नहीं थे। जबकि जांच टीम उन्हें एक साथ ही रखना चाह रही है। अभी तीनों को शहर के ही थानों में रखा जा रहा है।

हालांकि पुलिस रिमांड के दौरान उनका थाना बदलती रहेगी। इस दौरान लोकायुक्त के दो पुलिसकर्मी थाने में तैनात किए गए हैं। खाना भी जांच के बाद खिलाया जा रहा है।

# रतलाम में शिवलिंग का अपमानजनक वीडियो बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



रतलाम। रतलाम में शिवलिंग का अपमानजनक वीडियो बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले आरोपित युवक की पहचान इमरान उर्फ सुक्का के रूप में की गई है। सुक्का आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल- युवक द्वारा बनाया गया वीडियो इंस्टाग्राम पर बुधवार तेजी से वायरल हो गया। वीडियो देखने के बाद लोगों में रोष फैल गया और इसकी शिकायत पुलिस तक पहुंची। वीडियो में आरोपित सिर पर केसरिया गमछा बांधे और चश्मा लगाए हुए दिख रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने साइबर सेल को आरोपित की पहचान करने के निर्देश दिए।

आरोपित पर पहले से हैं कई आपराधिक मामले- पुलिस जांच में सामने आया कि वीडियो में दिख रहा युवक इमरान उर्फ सुक्खा पुरोहित जी का वास का रहने वाला है। वह एक लिस्टेड अपराधी है और उसके खिलाफ माणक चौक व स्टेशन रोड थाने में कई मामले दर्ज हैं। वह कुछ दिन पहले ही जेल से रिहा हुआ था। पुलिस ने आरोपित को ट्रैक कर गिरफ्तार कर लिया और उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया।

अस्पताल में लोगों ने की पिटाई- गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल ले गई। इस दौरान कुछ आक्रोशित लोग वहां पहुंच गए और इमरान पर हमला कर दिया। पुलिस ने किसी तरह बीच-बचाव कर आरोपित को भीड़ से बचाया और उसे सुरक्षित अस्पताल से बाहर निकाला।

मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी- पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ के दौरान उसके अन्य आपराधिक मामलों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## महाकुंभ में स्नान के लिए गए इटारसी के युवक की मौत

इटारसी। प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ में स्नान के लिए गए इटारसी जिले के मरोड़ा गांव के एक युवक की मौत हो गई। मरोड़ा निवासी उमेश कुमार सराठे अपने समाज के कुछ साथियों के साथ कुंभ स्नान के लिए गए थे।

स्वजनों के अनुसार भारी भीड़ के दौरान मची भगदड़ के बाद उनकी हालत बिगड़ गई थी, बाद में उनकी मौत हो गई। देर रात प्रयागराज से उनका शव एक एंबुलेंस से जबलपुर लाया गया, इसके बाद परिवार के लोग एक वाहन से शव को गुरुवार सुबह गांव लेकर पहुंचे।

गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार- गमगीन माहौल में उमेश का अंतिम संस्कार किया गया। उमेश सोहागपुर के अजबगांव निवासी कुछ साथियों के साथ कुंभ स्नान के लिए गए थे। यात्रा में पप्पू सराठे, रामस्वरूप सराठे, बल्ला सराठे, रतन लाल सराठे और सुदामा सराठे भी साथ में थे।

अचानक बीमार हो गए थे- रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल के अनुसार बुधवार सुबह उमेश कुंभ स्नान के दौरान अचानक बीमार हो गए, जिससे उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण अत्यधिक ठंड बताया जा रहा है। भारी भीड़ होने के कारण उमेश की तबियत बिगड़ रही थी।

भगदड़ के दौरान बिगड़ गई थी हालर्त- मृतक के भाई अनिल सराठे ने बताया कि प्रयागराज में भगदड़ के दौरान भाई उमेश की हालत बिगड़ गई थी। उमेश के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी हैं। उमेश माखननगर में दुकान चलाते थे।

## सामान खरीदने गए रिटायर्ड शिक्षक, चार मिनट में स्कूटर की डिक्की तोड़ 80 हजार रुपये चोरी कर ले गया चोर

ग्वालियर। महाराज बाड़ा के पास स्थित चावड़ी बाजार में दिनदहाड़े रिटायर्ड शिक्षक के स्कूटर से 80 हजार रुपये चोरी हो गए। रिटायर्ड शिक्षक दुकान पर सामान खरीदने के लिए गए थे। पुलिस चोर तक पहुंचने के लिए पड़ताल में लगी है।

ऐसे हुई यह घटना- सिटी सेंटर स्थित महलगांव के रहने वाले चिरौंजीलाल साहू रिटायर्ड शिक्षक हैं। अब वह सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने लगे हैं।

उन्होंने घर से 80 हजार रुपये लिए और अपने स्कूटर की डिक्की में रख लिए। यह रुपये उन्हें फायनेंस कंपनी में जमा करने थे।

इसी बीच वह चावड़ी बाजार पहुंचे, यहां उन्हें मैदा खरीदना था। दुकान के सामने भीड़ थी, इसलिए चंद कदम पहले स्कूटर खड़ा कर दिया और वह मैदा लेने के लिए दुकान पर चले गए।

इसी दौरान चोर आया और उसने डिक्की का ताला तोड़कर रुपये का बैग निकाल लिया। जब वह लौटकर आए तो रुपए गायब थे। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो चोर नजर आया। जनकगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इधर...दिनदहाड़े महिला के गहने उतरवाए, रोते हुए किशोर ने मांगी मदद- शहर के महाराज बाड़ा स्थित टाउन हाल के पास दिनदहाड़े ज्योति विशंभर रैकवार के गहने उतरवाकर तीन ठग ले गए। एक ठग की उम्र 12 से 14 वर्ष के बीच है।

# पन्ना जिले के अमानगंज स्थित पुरैना जेके सीमेंट प्लांट फैक्ट्री में हुआ बड़ा हादसा




पन्ना। पन्ना जिले के अमानगंज स्थित पुरैना जेके सीमेंट प्लांट फैक्ट्री में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां बन रही दूसरी यूनिट का एक हिस्सा मजदूरों के ऊपर गिर गया। इसमें दबे मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है।

पन्ना पुलिस अधीक्षक ने तीन लोगों की मौत और 14 लोगों के घायल होने की जानकारी दी है। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है। प्रभारी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक पन्ना और 6 से अधिक थानों के थाना प्रभारी और पुलिस बल मौके पर मौजूद है। इनकी पहली प्राथमिकता घायलों को जल्द से जल्द इलाज कराने की है। इस घटना की जांच भी की जाएगी। जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री के अंदर बन रही दूसरी यूनिट का काम लंबे समय से चल रहा था। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे जब यूनिट की साइट पर काम चल रहा था, तभी अचानक निर्माणाधीन बिल्डिंग का एक हिस्सा अचानक साइड पर काम कर रहे मजदूरों पर गिर गया। इसमें 50 से ज्यादा मजदूरों के दबे होने की सूचना सामने आई है।

एंबुलेंस को अंदर नहीं जाने दिया - जेके सीमेंट फैक्ट्री में हुए हादसे को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन की बड़ी लापरवाही घटना के बाद जिला प्रशासन के द्वारा भेजी गई 108 एंबुलेंस को भी फैक्ट्री के अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।




# महापौर ने किया निगम मुख्यालय का औचक निरीक्षण, ऊर्जा संरक्षण पर दिया जोर



इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर क्लाइमेट मिशन के तहत निगम मुख्यालय स्थित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनावश्यक रूप से जल रही लाइटों और पंखों को खुद बंद करवाते हुए ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बचाना न केवल बिजली के खर्च को कम करता है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

निरीक्षण के दौरान एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के प्रमुख प्रोफेसर चेतन सोलंकी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर होने के साथ-साथ अब ऊर्जा बचत और कम उत्सर्जन के लिए भी प्रयासरत है। इंदौर क्लाइमेट मिशन के तहत जो कार्य किए जा रहे हैं, उनके परिणामस्वरूप शहर ऊर्जा संरक्षण में भी दुनिया में पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल की शुरुआत पहले अपने घर से की गई और अब निगम मुख्यालय में भी इसे लागू किया जा रहा है।

महापौर ने परिषद कार्यालय और जलयंत्रालय विभाग का निरीक्षण कर वहां किए जा रहे ऊर्जा संरक्षण के प्रयासों की समीक्षा की।

जहां आवश्यक सुधार की जरूरत दिखी, वहां कर्मचारियों को समझाइश भी दी गई। उन्होंने कहा कि इंदौर देश का एकमात्र ऐसा शहर है जो क्लाइमेट मिशन अभियान के तहत संगठित रूप से ऊर्जा उत्सर्जन को कम करने के लिए इस तरह कार्य कर रहा है। उन्होंने इसे एक सामूहिक प्रयास बताते हुए नागरिकों से भी इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के प्रमुख प्रोफेसर चेतन सोलंकी ने बताया कि इंदौर क्लाइमेट मिशन के तहत हर नागरिक को अपने घर और कार्यालय की बिजली खपत को 20 प्रतिशत तक कम करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने '1 पर 11' अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि एक व्यक्ति न केवल स्वयं ऊर्जा बचत करेगा, बल्कि 10 और लोगों को प्रेरित कर इस मुहिम से जोड़ेगा। इस पहल का उद्देश्य फरवरी 2025 में इंदौर का बिजली बिल, फरवरी 2024 की तुलना में 20 प्रतिशत तक कम करना है।

## आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर ली समीक्षा बैठक, प्रत्येक वार्ड में हाजिरी सेंटर बनाने के निर्देश




इंदौर। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सिटी बस ऑफिस में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, उपयंत्री और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

आयुक्त वर्मा ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत निगम स्तर पर चल रहे कार्यों की जोनवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया।

बैठक में आयुक्त ने सफाई मित्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए शहर के सभी वार्डों में बेहतर हाजिरी सेंटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाजिरी सेंटरों पर सफाई मित्रों और कर्मचारियों के लिए उचित बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे वे आराम से बैठकर भोजन कर सकें। इसके साथ ही, सफाई मित्रों को मनोरंजन की सुविधा देने के लिए इंडोर गेम्स जैसे टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड और अन्य खेलों की व्यवस्था भी की जाए। नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आयुक्त वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण की टूलकिट का गहन अध्ययन करें और उसके अनुसार सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।

## कंप्यूटर के क्षेत्र में भविष्य बनाने वाले छात्रों को सांसद का तोहफा

इन्दौर। विद्यार्थियों के भविष्य को अत्याधुनिक सोच के साथ अपग्रेड करने के उद्देश्य को लेकर सांसद सेवा संकल्प और इंडियन ऑयल के सीएसआर फंड के माध्यम से 50 लाख की लागत से सरकारी स्कूलों में लेटेस्ट मॉडल के 105 कंप्यूटर सिस्टम वितरण की शुरुआत सांसद श्री शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य में बाणगंगा स्थित अहिल्याश्रम कन्या विद्यालय से 30 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे से प्रारंभ होगी। जिससे इंदौर जिले के हजारों विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से अपना भविष्य आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। बताया गया है कि इसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों को आईटी के क्षेत्र में बढ़ावा देना है। जिले के प्रत्येक स्कूल में एक अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब की स्थापना की जाएगी। श्री लालवानी ने आगे बताया कि युग शक्ति शैक्षणिक संस्थान इंदौर के माध्यम से कंप्यूटर सिस्टम वितरण किया जाएगा और लेनोवो कंपनी की तरफ से सभी कंप्यूटर पर 3 साल की वारंटी दी गई है जिससे 3 साल तक कंप्यूटर में कोई भी खराबी होने पर कंपनी फ्री में रिपेयर या रिप्लेस करके देगी। इन कंप्यूटरों के माध्यम से जिन विद्यार्थियों को अपना भविष्य कंप्यूटर के क्षेत्र में बनाना है, यह संकल्प उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 30 एवं 31 जनवरी को

इन्दौर। इन्दौर जिलें में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान की प्रदर्शनी का आयोजन 30 एवं 31 जनवरी 2025 को किया जायेगा। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदयप्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में लता मंगेशकर सभागृह माँ नर्मदा चौराहा राजेन्द्र नगर में आयोजित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, इन्दौर नगर पालिक निगम के समस्त पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण की उपस्थिति में होगा।

## महिला सशक्तिकरण की प्रतीक देवी अहिल्याबाई होल्कर पर आधारित पुस्तक युगंधरा का विमोचन

इंदौर। विषम परिस्थितियों में ही युगंधरा का जन्म होता है, और महान आत्माएं धरती पर आकर भावी पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त करती हैं। इन्हीं में से एक थीं देवी अहिल्याबाई होल्कर, जिन्हें लेखिका डॉ. ममता चंद्रशेखर ने अपने उपन्यास 'युगंधरा' के माध्यम से भावी पीढ़ी के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## राज्य स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन 30-31 को इंदौर में




इन्दौर। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के मार्गदर्शन में इंदौर में राज्य स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। 30 और 31 जनवरी को आयोजित इस विज्ञान मेले में विद्यार्थी विज्ञान की रुचियों का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान विज्ञान गतिविधियों के अंतर्गत मॉडल प्रदर्शनी, लघु नाटिका, विज्ञान नाटक, संगोष्ठी आदि कार्यक्रम भी किये जाएंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र इंदौर श्री विजय कुमार मण्डलोई ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के दिशा-निर्देश में 30 और 31 जनवरी 2025 को राज्य स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन राजेन्द्र नगर स्थित लता मंगेशकर सभागृह में किया जायेगा। 30 जनवरी को परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदयप्रताप सिंह, राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में विज्ञान मेले का शुभारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, पार्षदगण भी मौजूद रहेंगे। मेले में लगभग 250 बालिकाओं और 150 स्कूली बालकों के द्वारा सहभागिता की जायेगी। इस अवसर पर गणित, विज्ञान, पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान विषयों पर मॉडल प्रदर्शनी, प्रश्नमंच, लघु नाटिका आदि कार्यक्रम आयोजित की जाएंगे।

विज्ञान मेले में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों के आज इंदौर आगमन पर रेल्वे स्टेशन और बस स्टैंड पर शहर की परंपरा अनुसार जिला परियोजना समन्वयक श्री विजय मण्डलोई और समिति द्वारा ढोल नगाड़ों और मालाओं से स्वागत किया गया।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 3637 आवेदन निराकृत

इन्दौर। प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भी शिविरों का संचालन एवं प्रशासन की ओर से आयोजित शिविरों में सक्रिय सहभागिता तक आमजनों, आवेदकों को प्रभावी रूप से राहत पहुंचाई गई। कंपनी की प्रबंधन के निर्देशन में इंदौर सहित सभी 15 जिलों में अधिकारी शिविरों में पहुंचे और कम से कम समय में आवेदनों का निराकरण करते हुए तय सेवाएं प्रदान की गई। अभियान के प्रारंभ से समापन तक कंपनी क्षेत्र में 3637 आवेदन आए थे, जिनमें से सभी आवेदनों का निराकरण कर दिया गया हैं। कंपनी क्षेत्र में आवेदनों के निराकरण में इंदौर और आगर जिले आगे रहे हैं। इंदौर जिले में 539 शिविरों में विद्युत कंपनी से संबंधित 992 आवेदन आए, इसमें से 992का समाधान कर दिया गया हैं। आगर जिले में 349 शिविरों में 615 आवेदन आए, इसमें से शत प्रतिशत 615 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इसी तरह खंडवा में 472, खरगोन में 209, बड़वानी में 175, बुरहानपुर में 27, धार में 31, झाबुआ में 135, आलीराजपुर 326, उज्जैन में 317, रतलाम में 117, मंदसौर में 68 देवास में 100 आवेदनों का निराकरण किया गया है। अन्य जिलों में भी समाधान का कार्य हुआ है। इस अभियान में बिजली के वर्तमान नेटवर्क से निम्नदाब के स्थाई कनेक्शन के आवेदन एवं राशि जमा करने पर कनेक्शन देना, इसी तरह मीटर, सर्विस लाइन की परिसर में ही शिफ्टिंग के लिए आवेदन लेना एवं मांग पत्र के अनुसार राशि जमा करने पर शिफ्टिंग का कार्य करना शामिल था।

# मध्यप्रदेश में मसाला उद्योग के बढ़ावे के लिये आयोजन

इन्दौर। अपनी विशिष्ट संस्कृति और व्यंजनों एवं अनूठे स्वाद के लिए मशहूर के इंदौर में 30 और 31 जनवरी को दो दिन मसाले वालों का सम्मेलन होगा। देश भर के कोने कोने से आए मसाला व्यापारी एवं कारोबारी अपने इंदौर के होटल शेरेटन ग्रांड पैलेस में वैश्विक मसाला शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। ÷ग्लोबल स्पाइस समिट÷ के 12वें संस्करण में देश विदेश में विख्यात मसाला उत्पादक कंपनियां भाग लेगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि रहेंगे।

ग्लोबल स्पाइस समिट गत वर्ष राजस्थान की राजधानी पिंक सिटी जयपुर में आयोजित किया गया था। मसाला उद्योग की मांग पर इस बार इंदौर में आयोजन किया है। स्पाइस समिट में भारत से 300 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। समिट में उद्योग, थोक व्यापार, संबंधित सरकारी विभागों, प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, व्यापार संघों और प्रौद्योगिकी पर आमंत्रित प्रतिष्ठित वक्ता विभिन्न विषयों पर अपने विचार और सुझाव रखेंगे। 30 एवं 31 जनवरी को शेर्टन ग्रैंड पैलेस होटल में शिखर सम्मेलन के साथ-साथ मसालों, मसाला आधारित उत्पादों, सेवा प्रदाताओं और मशीनरी एवं उपकरण निर्माताओं की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है। ग्लोबल स्पाइस समिट का आयोजन मसाला उद्योग और व्यापार से जुड़े निर्माताओं, पैकर्स, प्रोसेसर, व्यापारियों, निर्यातकों, आयातकों, वैज्ञानिकों, सलाहकारों, संबंधित मशीनरी निर्माताओं,सरकारी निकायों एवं अन्य संस्थाओं, शोध संस्थानों,बाजार और गुणवत्ता विशेषज्ञों, उद्यमियों आदि सभी हितधारकों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि मसाला क्षेत्र के सतत विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचारों को साझा करने के साथ ही सुझावों का आदान-प्रदान किया जा सके और व्यापारिक सौदे भी किए जा सकें। शिखर सम्मेलन मसाला उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करने का एक सुनहरा अवसर भी है। मसाला शिखर सम्मेलन-2025 में विभिन्न ताजा और प्रासंगिक विषयों पर पैनल चर्चा होगी। विशेष कर विभिन्न मसालों की खेती और उत्पादन अनुमान, जीरा, धनिया, लाल मिर्च, हल्दी सहित विभिन्न मसालों की मांग-आपूर्ति और मूल्य परिदृश्य, भारतीय मसालों के लिए वैश्विक बाजार, प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग में तकनीकी नवाचार, मिलावट, गुणवत्ता एवं संदूषण संबंधी मुद्दे, उद्योग एवं व्यापार के समक्ष आने वाली चुनौतियाँ एवं उनके समाधान आदि विषयों पर विशेष चर्चा सत्र आयोजित होंगे। समिट की पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुए श्री राजेश गुप्ता ने बताया कि वैश्विक मसाला शिखर सम्मेलन मसाला निर्माताओं और थोक आपूर्तिकर्ताओं का एक प्रतिष्ठित सम्मेलन है। जिसका उद्देश्य मसाला उद्योग के नेताओं, नवोन्मेषकों और हितधारकों को एक मंच पर लाना है। शिखर सम्मेलन ज्ञान के आदान-प्रदान, नेटवर्किंग और सहयोग के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है। जो सभी प्रतिभागियों को मसाला क्षेत्र में नवीनतम विकास पर अपडेट रहने और मूल्यवान व्यावसायिक संबंध बनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। शिखर सम्मेलन न केवल व्यावसायिक प्रोफ़ाइल को बढ़ाने में मदद करता है बल्कि पूरे मसाला उद्योग के विकास और जीवंतता में भी योगदान देता है। हम शिखर सम्मेलन को सार्थक कनेक्शन और अंतर्दृष्टि के लिए उत्प्रेरक के रूप में देखते हैं जो मसाला क्षेत्र में विकास लाता है। वैश्विक मसाला शिखर सम्मेलन भारत में सर्वश्रेष्ठ मसाला निर्माताओं और थोक आपूर्तिकर्ताओं से आमने-सामने मिलने का एक उत्कृष्ट मंच है। शिखर सम्मेलन मसाला निर्माताओं, थोक आपूर्तिकर्ताओं, निर्यातकों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और उद्योग विशेषज्ञों की एक विविध श्रृंखला को एक छत के नीचे लाता है। ग्लोबल स्पाइस समिट बाजार के रुझान, उत्पाद नवाचारों और संभावित व्यावसायिक सहयोग का पता लगाने का अवसर प्रदान करता है।

जय श्री महाकाल ...




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# कलेक्टर ने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत विकास कार्यों की विभाग वार समीक्षा बैठक की

उज्जैन । कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने गुरुवार को आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की विभाग वार समीक्षा बैठक की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।



कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम सिंहस्थ 2028 में टेलीकम्युनिकेशन प्लान पर चर्चा के दौरान कहा कि इसके लिए सभी सर्विस प्रोवाइडर्स की बैठक आयोजित की जाए। गौरतलब है कि सिंहस्थ 2028 में लगभग ढाई से 3 करोड लोगों के आने की संभावना है। बैठक में जानकारी दी गई कि इसके लिए 1800 स्थाई एवं अस्थाई टॉवर्स की आवश्यकता होगी । कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि इसके अलावा सिंहस्थ महापर्व के दौरान हॉटलाइन और लीज लाइन की भी व्यवस्था की जाए। सिंहस्थ के दौरान पीक लोड को मेंटेन करने के लिए जो भी संसाधनों की आवश्यकता है, इस पर विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए। बैठक में बीएसएनल के अधिकारीगण मौजूद थे।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के साथ बैठक की गई। बैठक में आगामी सिंहस्थ 2028 पर्व के मद्देनजर आयुर्वेद विभाग के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सिंहस्थ मेला क्षेत्र में आयुर्वेद विभाग के कैंप कहां-कहां लगेंगे इसके बारे में पूरी कर योजना बनाई जाए। इसके अतिरिक्त कौन-कौन सी आयुर्वेदिक दवाइयां का वितरण लोगों को किया जाएगा इसके बारे में विस्तार से जानकारी तैयार की जाए। पिछली बार 2016 में सिंहस्थ में जो भी काम विभाग के द्वारा किए गए थे उसकी जानकारी प्रदान की जाए। साथ ही यदि उन्हें एंबुलेंस, स्टाफ अथवा अन्य संसाधनों की आवश्यकता है तो उसके बारे में भी अवगत कराया जाए।

कलेक्टर सिंह के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की सिंहस्थ के दौरान प्रदाय की जाने वाली सेवाओं के बारे में समीक्षा की गई। बताया गया कि पिछले सिंहस्थ में 3 लाख 21000 ओपीडी बनाए गए थे, इस बार लगभग 7 लाख ओपीडी की आवश्यकता होगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने हाउसिंग बोर्ड के निर्माण कार्य और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की भी समीक्षा की। बताया गया कि सिंहस्थ के दौरान लगभग 30,000 होमगार्ड ड्यूटी पर तैनात किए जाएंगे। इस हेतु होमगार्ड और वालंटियर की ट्रेनिंग करवाई जाएगी। इसके लिए हाउसिंग बोर्ड के द्वारा प्रशिक्षण भवन बनाया जाना प्रस्तावित है।

# तिलकराज दांगी ने अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम के सेवा प्रकल्पों का अवलोकन कर सेवा को बेजोड़ बताया

## अति पीड़ित, पिछड़ो और बेसहारों का सहारा है सेवाधाम -तिलकराज दांगी



उज्जैन। मानव सेवातीर्थ अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं वनवासी कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष श्री ईश्वरजी पटेल की प्रेरणा से मध्य भारत संगठन मंत्री तिलकराज दांगी ने अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई के साथ आश्रम में हो रही सेवा कार्यों का अवलोकन कर बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात कर यहां निवासरत 1100 से अधिक पारिवारिक सदस्यों की सेवा को बेजोड़ बताया। तिलकराजजी ने कहा कि सेवाधाम में आकर मुझे सेवा की मूर्ति सुधीर भाई के अन्दर नजर आई और पूरे परिसर को देखते समय जो ध्यान में आया कि इससे बड़ा परमार्थ और सेवा का कार्य पूरी दुनिया में दूसरा नही हो सकता।

जो अति पीड़ित है पिछडे है जिनका कोई भी सहारा नही है ऐसे बेसहारों का सहारा है अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम और सुधीर भाई इसके माध्यम से सेवा और परोपकार का अतुलनीय कार्य कर रहे है। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम निरंतर मानवीय सेवाओं में ओर उन्नति करें और इस कार्य में जनमानस को खुले मन से सहयोग करना चाहिए, इस अवसर पर आश्रम परम्परानुसार मंगल तिलक, मालवी पगड़ी एवं दुपट्टे से सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कांता भाभी, मोनिका दीदी, गोरी गोयल उपस्थित रही।

## राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत की प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित श्रीमती कमलेश चंद्रावत

उज्जैन। राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू बघेल, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद जी पाराशर, राष्ट्रीय महामंत्री प्रतीक निगम, प्रदेश मंत्री धर्मेंद्र सक्सेना, के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश राज्य अध्यक्ष मुरली निगम ने श्रीमती कमलेश चंद्रावत उर्फ रानी, को मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा के दायित्व पर मनोनीत किया, संगठन परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है एवं बधाई करता, भोपाल संभाग अध्यक्ष गोविंद प्रसाद, भोपाल जिला अध्यक्ष दीपेश जी खरे, उज्जैन जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा दीपिका चौहान, शाजापुर जिला उपाध्यक्ष श्रीराम चौधरी, रतलाम जिला अध्यक्ष संजय गिरी, उज्जैन महामंत्री विजय पाल बना (घोंसला), सचिन वैष्णव (नगर अध्यक्ष चोमा)।

# सत्य और अहिंसा की मूर्ति थे राष्ट्र पिता महात्मा गांधी - मुकेश भाटी




उज्जैन। सत्य और अहिंसा की मूर्ति थे राष्ट पिता महात्मा गांधी, जिन्होंने देश को अहिंसा के रास्ते पर चलना सिखाया।

उक्त उदगार शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने राष्टपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए व्यक्त किए। क्षीर सागर बालोद्यान स्थित राष्ट पिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट पिता के कार्यो का स्मरण कर दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, नेता प्रति पक्ष रवि राय, संगठन मंत्री अजय राठौर, अरुण रोचवानी, अनंत नारायण मीणा, राजेन्द्र राठौर, सुनील कछ्वाय, अभीषेक शर्मा, विरेन्द्र गोसर, रमेश परिहार, सतीश मरमट, चेन सिंह चौधरी, ईमरान खान, सपना सांखला, नजमा बी, फिरोज पठान, मोहित जयसवाल, गब्बर कुवाल, छोटे लाल मंडलोई, ओम रामी, बबलू खींची, दिपेश जैन, चन्द्र भान सिंह चंदेल, रहीम लाला, फिरोज़ भारती,चंदू यादव, सलीम भाई गैस वाले, लीला बाई परिहार, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, कृष्ण यादव, संचित शर्मा, आलम लाला शहनवाज खान, नीलेश खुले, सोनीया ठाकुर, नीलम विश्वास, ऊषा मालवीय, हेमंत कोली, वासु देव रावल, ललित मीणा, नरेन्द्र राव, राजेश चौहान, भगवान बडगुर्जर, सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कल्पवल्ली महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

## ''वेदों के स्वाध्याय से ही वेदों की रक्षा संभव''-एस.पी.प्रदीप शर्मा

उज्जैन! वेदों के स्वाध्याय से ही वेदों की रक्षा सम्भव हो सकती है। हमारे देश का सौभाग्य है कि इस कार्य में अनेक परिवारों की पीढ़ीयाँ संलग्न है। यही कारण है कि इतने राजनैतिक आक्रमणों के बाद भी वेद की धरोहर हमारे देश में सुरक्षित है।

यह जानकारी देते हुये अकादमी के निदेशक, डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि उक्त विचार उज्जैन के पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने कालिदास संस्कृत अकादमी में कल्पवल्ली महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। आपने कहा कि सनातन परम्परा का संरक्षण ही हमें अपनी अस्मिता के साथ जोड़े रखेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सन्तोष पण्ड्या ने की। आपने कहा कि वेदों के अध्ययन की विविध पद्धतियों के कारण ही वेदमंत्र यथावत् आज भी हमारे बीच में हैं। वेदों से




पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति की जा सकती है। वेदों के स्वाध्याय से स्मरण शक्ति तीव्र होती है।

आज सम्पन्न कल्पवल्ली महोत्सव में आचार्य वेदमूर्ति निलेश रामराव जोशी (ऋग्वेद), नांदेड महाराष्ट्, रोहन सुरेश कुलकणी, पुणे (सामवेद जैमिनीशाखा), ओंकार हरिदास काकडे, (अथर्ववेद पैप्पलादशाखा) बैंगलुरु, अभिषेक शामसुन्दरजी उपाध्याय (कृष्ण यजुर्वेद, तैत्तिरीय शाखा), बीड, अतुल लक्ष्मण सीतापती (सामवेद राणायणी शाखा), मल्हार गणेशराव अंबुलगेकर, पुणे (अथर्ववेद शौनक शाखा), राजेश गोविन्द जहागिरदार, नागपुर (शुक्ल यजुर्वेद काण्वशाखा), चैतन्य शिवाजीराव देशमुख (कृष्ण यजुर्वेद), नांदेड, कृष्णा भगवानराव जोशी (परभणि अथर्ववेद शौनकशाखा), योगेश्वर विश्वासराव देशमुख, नांदेड (सामवेद, राणायनी शाखा), रोहित देविदासराव केजकर (ऋग्वेद शाकलशाखा), डॉ. सन्तोष पण्ड्या, डॉ. गोपालकृष्ण (शुक्ल शुक्लयजुर्वेद माध्यान्दिन शाखा) चिदानन्द शास्त्री (ऋग्वेद शाकल शाखा), डॉ. धर्मेन्द्रकुमार शर्मा (अथर्ववेद शौनक शाखा), पं. सत्यम् शुक्ल (ऋग्वेद शाकलशाखा) ने वेदपरायण किया। इस अवसर पर कण्व वेदविद्या प्रतिष्ठान के बटुक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पं. सत्यम् शुक्ल ने किया तथा आभार डॉ. गोपालकृष्ण शुक्ल ने माना। अतिथियों का स्वागत अकादमी के निदेशक, डॉ. गोविन्द गन्धे ने किया।

## विश्व शांति महास्तूप महोत्सव 2 फरवरी को

उज्जैन। भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा 2 फरवरी, रविवार को प्रातः 10 बजे से बौद्ध महास्तूप (वैश्य टेकरी), कानीपुरा, तराना रोड़ पर विश्व शांति महास्तूप महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

मनोज नागदेव के अनुसार पंचशील ध्वजारोहण एवं वंदना- पूज्य भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो एवं भंते धम्मबोधी द्वारा किया जाएगा। इस भव्य मेले में होने वाले कार्यक्रमों में दूर-दूर से अनुसूचित जाति जनजाति एवं समस्त मानव का मान सम्मान किया जाएगा। साथ ही विशेष तौर सांसद अनिल फिरोजिया से टेकरी पर विकास कार्य के लिए समाजजन अनुरोध करेंगे। शीघ्र ही उनके नेतृत्व में यहां का विकास कार्य होने जा रहा है। सक्रिय कार्यकर्ता संतोष लोखंडे के अनुसार समारोह में मुख्य अतिथि किरण रिजिजु केबिनेट मंत्री, भारत सरकार, डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री, चन्द्र बौधी पाटील राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय बौद्ध महासभा, विशिष्ट अतिथि अनिल फिरोजिया सांसद, महेश परमार विधायक, सतीश मालवीय विधायक, अनिल जैन विधायक, मुकेश टटवाल महापौर, विशेष अतिथि कलावती यादव सभापति, धम्मरतन सोमकुंवर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, पंकज कुमार उके प्रदेश सचिव, भारतीय बौद्ध महासभा, इन्दौर, सी.एल. बौद्ध प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय बौद्ध महासभा भोपाल (म.प्र.), चिन्तामण पगारे प्रदेश सचिव, भारतीय बौद्ध महासभा भोपाल (म.प्र.), वारायण यादव दादा दयालु, वरिष्ठ समाजसेवी, ज्योति भेले प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहेंगे। अध्यक्षता आर. आर. जवादे, जिलाध्यक्ष करेंगे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com